

# शहर में पहली बार 'हमारे राम' का भव्य मंचन

## प्रभु श्रीराम के जीवन का चरित्र मंचन जीवंत देख भावुक हुए दर्शक




**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** ग्वालियर में रविवार को संस्कृति, कला और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब जीवाजी यूनिवर्सिटी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में भव्य रामायण महानाट्य 'हमारे राम' का 471वां मंचन आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन ने शहरवासियों को भावविभोर कर दिया। पहली बार ग्वालियर में आयोजित हुए इस विशाल मंचन को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे और पूरे आयोजन के दौरान सभागार जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा। दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम शाम 6 बजे तक चला, जिसमें प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को भव्य मंच सज्जा, दमदार अभिनय और आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया गया।

इस महानाट्य की सबसे बड़ी विशेषता प्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और टेलीविजन व्यक्तित्व आशुतोष राणा द्वारा निभाया गया रावण का किरदार रहा। आशुतोष राणा ने अपने प्रभावशाली अभिनय, दमदार संवाद शैली और भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके मंच पर आते ही पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। रावण के चरित्र को जिस गंभीरता और प्रभाव के साथ उन्होंने प्रस्तुत किया, उसने महानाट्य को एक अलग ऊंचाई प्रदान की। दर्शकों ने उनके अभिनय की खुलकर सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर उर्फ रामू भैया, अशोक गोयल, आईटीएम यूनिवर्सिटी के संस्थापक रमाशंकर सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को भारतीय संस्कृति और आदर्शों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

महानाट्य में प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर उनके जीवन के संघर्ष, वनवास, सीता हरण, रावण वध और मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों तक की घटनाओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान दर्शक भावुक भी हुए और कई स्थानों पर तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। राम, लक्ष्मण, सीता, राजा दशरथ, रावण, विभीषण, हनुमान, बाली सहित रामायण के सभी प्रमुख पात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस भव्य आयोजन का निर्देशन गौरव भारद्वाज द्वारा किया गया, जबकि पूरे कार्यक्रम का आयोजन ग्वालियर राउंड टेबल द्वारा किया गया था। आयोजकों ने मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि प्रभाव और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ऐसा वातावरण तैयार किया कि दर्शकों को लगा मानो वे त्रेतायुग की घटनाओं को प्रत्यक्ष देख रहे हों।

### महानाट्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं :आशुतोष राणा

रावण की भूमिका निभाने वाले आशुतोष राणा ने कहा कि 'हमारे राम' महानाट्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक प्रयास है। उन्होंने ग्वालियर के दर्शकों के उत्साह और प्रेम की सराहना करते हुए कहा कि यहां लोगों ने जिस आत्मीयता और श्रद्धा के साथ इस महानाट्य को देखा, वह उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहेगा। उन्होंने कहा कि रामायण के पात्र केवल कथा के चरित्र नहीं बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा हैं। भगवान श्रीराम का जीवन हमें कर्तव्य, धैर्य और आदर्शों पर चलने की सीख देता है, वहीं रावण का चरित्र अहंकार के परिणाम को दर्शाता है।

# शहर में स्वच्छता की अलख जगाने कलेक्टर और कमिश्नर मैदान में

## सड़क पर झाड़ू लगा कर दिया स्वच्छता का संदेश



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलेक्टर एवं कमिश्नर सहित स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर में जनक हॉस्पिटल के सामने से लेकर हुज़रात चौराहा सहित जिंसी नाला नंबर दो की सड़कों को झाड़ू लगाकर साफ किया। कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, नगर निगम अपर आयुक्त टी प्रतीक राव ने अपने हाथों में झाड़ू थाम कर सड़कों को साफ किया। इसके साथ ही आमजनों को समझाइश दी कि कचरा सड़क पर नहीं फेंके। दुकानदारों से अपील की है कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करे और ना हीं किसी अन्य व्यक्ति को करने दें। इस अवसर पर ब्रांड एंबेसडर डॉ प्रियंबदा भसीन, सावित्री श्रीवास्तव, उपायुक्त मुकेश बंसल, शीर्षिर श्रीवास्तव, , मुख्य स्वास्थ अधिकारी वैभव श्रीवास्तव, हेल्थ ऑफिसर किशोर चौहान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने अपील के साथ की सफाई:** जिंसी नाला नंबर दो पर जिन दुकानों के बाहर कचरा फैला था, उनको कलेक्टर रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने समझाइश दी कि सड़क पर कचरा नहीं फेंके, दुकानों पर डस्टबिन रखे। इसके बाद उनकी दुकानों से सामने मौजूद कचरे को झाड़ू लगाकर साफ किया।

**वॉटर फ़ोगर मशीन से रोक धूल का उड़ना:** स्वच्छता अभियान के दौरान सड़क पर झाड़ू लगाते समय उड़ रही धूल को रोकने के लिए वाटर होकर मशीन का उपयोग किया गया। जिससे सड़क सड़क पर धूल ना उड़े।

**सफाई मित्रों के साथ निकलवाई फोटो:** स्वच्छता अभियान के अंत में कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, अपर आयुक्त टी प्रतीक राव ने सभी सफाई मित्रों के साथ फोटो निकलवाई। साथ ही सभी को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी।




# जेसीआई ने किया न्यू मेंबर ओरियंटेशन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** जेसीआई ग्वालियर द्वारा वर्ष 2026 में संस्था से जुड़े 21 नवीन सदस्यों के लिए न्यू मेंबर ओरियंटेशन कार्यकम का आयोजन होटल क्लार्क्स इन स्वीट्स में किया गया। जेसीआई ग्वालियर से मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पूर्व अध्यक्ष एवं नेशनल ग्रैजुएट जेसी रमेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष जेसी साकेत गुप्ता एवं सह प्रशिक्षक पूर्व अध्यक्ष जेसी नीलेश बिंदल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवीन सदस्यों को जेसीआई से संबंधित जानकारी प्रदान की गई जिसमें उन्हें विस्तारपूर्वक जेसीआई के बारे में बताया गया। जानकारी दी गई कि जेसीआई संस्था का उदगम कैसे हुआ और ये किस प्रकार काम करती है। इस कार्यक्रम में नवीन संस्था सदस्यों ने




अपनी स्पाउस के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जेसी संदीप अग्रवाल, जेसी मानव मेहरा, जेसी वरुण अग्रवाल, जेसी दीपांश गुप्ता, जेसी आनंद शर्मा, अध्यक्ष जेसी कपिल अग्रवाल, मानसेवी सचिव जेसी विजय अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# साडा अध्यक्ष शर्मा ने पूर्व विधायक गजराज सिंह का कुशलक्षेम जाना

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** साडा के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा ने पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार के निवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार भी मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि पूर्व विधायक गजराज सिंह विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं। इस अवसर पर गजराज सिंह ने ईश्वर से अशोक शर्मा के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।भितरवार के विधायक मोहन सिंह राठौर ने भी आज गजराज सिंह के निवास पर पहुंच कर उनका कुशलक्षेम जाना।



### दुष्कर्म का आरोपी 24 घण्टे में गिरफ्तार

**ग्वालियर।** शादी का झांसा देकर 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को डबरा सिटी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, डबरा निवासी मालती ने 4 मई को डबरा शहर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 19 वर्षीय बेटी पूजा (परिवर्तित नाम) 3 मई को बिना बताए कहीं चली गई है।

# सांसद एवं महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमि पूजन



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,17 मई।** नगर निगम ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 19 के अंतर्गत सीसी रोड निर्माण कार्य के 87 लाख 63 हजार रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन आज रविवार को सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार, विधायक डॉ सतीश सिकरवार एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती कमलेश बलवीर तोमर द्वारा किया गया। वार्ड क्रमांक 19 के अंतर्गत कृष्ण वाटिका के सामने विभिन्न गलियों में 44 लाख रुपए की लागत से एवं शारदा विद्यापीठ के पास गली में सीसी रोड निर्माण 14 लाख रुपए की लागत से एवं न्यू राम विहार कॉलोनी में राजू राठौर के सामने वाली गली में सीसी रोड निर्माण 14 लाख 75 हजार की लागत से एवं राम विहार कॉलोनी में मिथिलेश रजक के घर से गजराज राजावत के घर तक सीसी रोड निर्माण का कार्य 14 लाख 88 हजार रुपए की लागत से किए जाने हेतु अतिथियों द्वारा भूमि पूजन किया गया।




# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** केन्द्र और प्रदेश सरकार के कार्यकाल में लगातार सामने आ रहे शिक्षा और भर्ती घोटालों के विरोध में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पड़ाव पुल से वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधि स्थल तक मशाल जुलुस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। हाथों में मशाल और तख्तियां लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं और छात्रों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे छात्रों और यूवांओ के सपनों का सौदा बंद करो! पेपर माफिया और भाजपा-दोनों की मिलीभगत बंद करो! पढ़ाई करने वाले रो रहे, भाजपा वाले सो रहे! करते हुए नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग उठाई। मशाल जुलुस में विधायक डॉ. सतीष सिकरवार, मप्र कार्ग्रेस कमेटी के महासचिव सुनील शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रभूदयाल जोहरे, हरिओम शर्मा, इब्राहिम पठान, उदल सिंह, जेएच जाफरी, जितेन्द्र सिंह गुर्जर,मंगल सिंह यादव, मीनू परिहार, रामबाबू श्रीवास, राजीव शर्मा, योगेन्द्र सिंह नौनेरा, महेश मधुरिया, भैयालाल भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, मुनेन्द्रसिंह भदोरिया, महेश धनोलिया, अनुप शिवहरे, विनोद कुमार जेन, अंसार खान, लक्ष्मी माथुर, कुलदीप व्यास, श्याम सुदंर श्रीवास्तव, विनोद यादव माठू, शकील मंसूरी, राजेश खान, लक्ष्मीनारायण कुशवाह, अब्दुल हमीद पप्पू, नवीन भदकारिया, राजेश बाबू, कपिल पाल, गायत्री मंडेलिया, श्रीमती मनीषा रावत सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मलित थे।

# पत्रकारिता का उद्देश्य समाज को जागरूक करना : गौरव वल्लभ

## आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद समारोह आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** देवर्षि नारद आज होते तो समाचारों में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता। उनकी खबरें सबसे तेज नहीं, सबसे प्रमाणिक होतीं। आज जरूरत ऐसी पत्रकारिता की है जिसमें राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। यह बात प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य डॉ. गौरव वल्लभ ने आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद समारोह में मुख्य वक्ता की आसंदी से कही। मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा रविवार को बाल भवन में देवर्षि नारद की पत्रकारिता में वैश्विक समस्याओं का समाधान पर विषय पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य थे, जबकि अध्यक्षता मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के सचिव एवं अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश शुक्ला ने की। कार्यक्रम संयोजक दीपक तोमर तथा चयन समिति के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा भी मंचासीन रहे।

मुख्य वक्ता डॉ. गौरव वल्लभ ने कहा कि देवर्षि नारद जी इस युग में होते तो सबसे तेज खबर नहीं देते, बल्कि सबसे प्रामाणिक खबर देते। आज ऐसी पत्रकारिता की जरूरत है जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे। अतिथियों का परिचय प्रवीण दुबे ने दिया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए संयोजक दीपक तोमर ने कहा कि मामाजी ने पत्रकारिता को प्रोफेशन नहीं मिशन माना था।

### इनका हुआ सम्मान

लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार हरिमोहन शर्मा, श्रेष्ठ प्रवासी सम्मान उमेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सम्मान संजय बौहरे, बेस्ट आउटपुट सम्मान नरेंद्र सिंह कुशवाह, श्रेष्ठ युवा पत्रकार सम्मान प्रियंक शर्मा, मनीष शर्मा, श्रेष्ठ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर राज दुबे, श्रेष्ठ वीडियो जर्नलिस्ट हेमसिंह कुशवाह, श्रेष्ठ आंचलिक सम्मान भरत शर्मा, श्रेष्ठ फोटो जर्नलिस्ट मुकेश बाथम, वेबपोर्टल मीडिया सम्मान संदीप ओझा एवं श्रेष्ठ महिला पत्रकार सम्मान अनुभवी शर्मा को दिया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग के सह कार्यवाह मुनेंद्र कुशवाह, विभाग प्रचार प्रमुख डॉ.निशांत शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचार प्रमुख दीपक भार्गव, एमिटी यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ.राजेश तोमर, आदि उपस्थित थे।

# आउटसोर्स कर्मचारी संघ का ज्ञापन आज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा एनएचएम अंतर्गत प्रदेश भर में सेवाएं दे रहे आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को 3 से 4 माह भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं फिर विभाग द्वारा नीति तैयार नहीं की गई जबकि विभाग में हजारों समकक्ष पद रिक्त है उन पदों पर स्थाई किया जाए, ठोस नीति तैयार कर न्यूनतम 26000 वेतन दिए जाने सहित अन्य प्रमुख मांगों को लेकर मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश व्यापी आवाह्न पर त्वरित आंदोलन के दूसरे चरण में आज सोमवार 18 मई को शाम 4 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में सैकड़ो की संख्या में आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी एकत्रित होंगे। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। चेतावनी दी गई है कि शासन प्रशासन मांगों को गंभीरता से ले और शीघ्र निराकरण करें अन्यथा गर्मी का मौसम है सरकारी हॉस्पिटलों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से मरीजों को जो भी असुविधा उत्पन्न होगी उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वास्थ्य प्रशासन की होगी




# गाय भगाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडे और सरिए चले, महिला सहित आधा दर्जन से अधिक घायल, क्रॉस केस दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** शहर के गिरवाई थाना क्षेत्र में गाय भगाने की मामूली बात को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे, सरिए और पाइप लेकर आमने-सामने आ गए। इस मारपीट में एक महिला सहित आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही गिरवाई थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरवाई थाना क्षेत्र के वीरपुर बांध स्थित ठाकुर मोहल्ला निवासी 59 वर्षीय सरमन कुशवाह रहते है। उनके घर के पास ही राज कुशवाह का परिवार रहता है। बीती रात सरमन कुशवाह गाय को भगा रहे थे कि तभी उनका विवाद राज कुशवाह से हो गया। उनके बीच चल रहे विवाद में उनके परिजन भी उतर आए और आपस में मारपीट करने लगे। इसी बीच दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर सरिया व पाइपों से हमला कर दिया। झगड़े में दोनों ही पक्षों के लोग घायल हुए हैं। मामले का पता चलते ही गिरवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए पहुंचाकर दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पड़ाव थाना क्षेत्र में दर्ज बलात्कार के मामले में फरार चल रहे आरोपी योगेश रावत को ग्वालियर पुलिस ने अशोकनगर पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, लेकिन पुलिस टीमों ने पांच शहरों में शिकंजा कसकर आखिरकार उसे दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, 15 मई को आरोपी योगेश रावत के खिलाफ थाना पड़ाव में बलात्कार का मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार था। एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी अनु बेनीवाल को आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

# सूरज की तपिश से बेहाल शहर, दोपहर में छूटा पसीना

## रात के तापमान में भी भारी उछाल की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 17 मई।** मई के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत होते ही अंचल में भीषण गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार सुबह से ही सूर्य देव आग उगल रहे हैं, जिससे पूरा शहर भट्टी की तरह तपने लगा है। सुबह 11 बजे ही पारा 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जबकि सड़कों पर निकलने वाले राहगीरों को 43 डिग्री जैसी चुभने वाली गर्मी का अहसास हुआ। मौसम विभाग की मानें तो आज दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आंकड़े को भी पार गया।

**दोपहर 2 से 4 बजे के बीच 'हाई अलर्ट':** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजे के बीच अंचल में भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा। इस दौरान तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। सीधी धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। लोग चेहरे और सिर को कपड़े से ढँककर ही बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और तीखे होने वाले हैं। अब तक रात का तापमान सामान्य के आसपास या उससे थोड़ा कम दर्ज किया जा रहा था (बीती रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम यानी 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा)। लेकिन अब दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी तेजी से बढ़ोतरी होगी, जिससे रातें भी बेहद गर्म और बेचैन करने वाली हो जाएंगी।



**सीजन का सबसे गर्म दिन होने का अनुमान:** मौसम केंद्र के अनुसार, आज का दिन इस चालू सीजन का सबसे गर्म दिन साबित हो सकता है। वहीं, आज की रात भी सीजन की सबसे गर्म रात होने का अनुमान जताया गया है। सोमवार की रात का पारा 32 डिग्री से लेकर 35 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंचने की संभावना है। आने वाले एक-दो दिनों में शहर में लू चलने की भी गंभीर आशंका जताई गई है।

